दान विद्या का दे शारदे माँ

दान विद्या का दे शारदे माँ
तेरी पूजा नित हम करें
पास आये बुराई ना कोई
नेक राहों पे हम सब चलें
तेरी पूजा नित हम करें
दान विद्या का दे शारदे माँ ....

हम हैं बच्चे मगर मन के सच्चे
दीं मज़हब धरम हम ना जाने
विद्या अध्ययन धरम है हमारा
ज्ञान गंगा में हर दम बढे
तेरी पूजा नित हम करें
दान विद्या का दे शारदे माँ ....

इतनी शक्ति हमें देना मैया
पर सेवा में तन मन लगे
जो भी मंज़िल से भटके हुए हैं
उनकी राहों के दीपक बने
दान विद्या का दे शारदे माँ ....

मन के मंदिर में तेरी ही मूरत
तेरी छवि हर नज़र में बेस
तेरे चरणों में है शारदे माँ
सुमन श्रद्धा के अर्पण करें
तेरी पूजा नित हम करें
दान विद्या का दे शारदे माँ ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20469/title/daan-vidhya-ka-de-sharde-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |